**प्रश्न-पत्र केवल विलक्षण सामर्थ्य (HI, VI, तथा MR) विद्यार्थियों के लिए**

कक्षा : आठवीं, विषय :हिंदी (द्वितीय भाषा)

कुल समय: 3 घंटे कुल अंक: 90

**प्रश्न पत्र** (विलक्षण प्रतिभा वाले विद्यार्थियों के लिए) For Autism Spectrum Disorder (ASD), Cerebral Palsy, Chronic Neurological Conditions, Specific Learning Disability, Multiple Disabilities including Deaf-blindness, Parkinson's Disease, Mental illness, Visually Impaired, Hearing impaired and Intellectual Disability (ID) students]

**भाग - क :02 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न (50 अंक)**

**प्रश्न 1 (I) बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**(i) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'हाथ' शब्द का पर्याय है?**

(क) हस्त (ख) पाद (ग) नख (घ) पद

**(ii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखें-**

(क) बहूमूल्य (ख) बहुमूल्य (ग) बहूमुल्य (घ) बहुमुल्य

**(iii) निम्नलिखित में से संज्ञा शब्द चुनकर लिखें -**

(क) बुरा (ख) चींटी (ग) अनेक (घ) जब

**(iv) 'हम लालकिला देखने जायेंगे' में से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें -**

(क) हम (ख) लालकिला (ग) देखने (घ) जायेंगे

**(iii) 'हमनें राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया' - वाक्य में रेखांकित पद में सही कारक की पहचान करें-**

(क) अधिकरण कारक (ख) कर्म कारक (ग) कर्ता कारक (घ) अपादान कारक

**(iv)निम्नलिखित में से सही विशेषण शब्द की पहचान करके लिखें-**

(क) प्रथम (ख) कक्षा (ग) करवाना. (घ) पड़ा 6x2=12

**(II) मिलान कीजिए**

**(i) निम्नलिखित लिंग - पुल्लिंग शब्दों का मिलान कीजिए**

| | |
|---|---|
| नौकर | रानी |
| | नौकरानी |

**(ii) निम्नलिखित शब्दों के सही वचन शब्दों से मिलान करें-**

| | |
|---|---|
| चिमटा | खिलौने |
| | पैसे |
| | चिमटे |

**(iii) सही अनेक शब्दों के लिए एक शब्द से मिलान करें-**

| | |
|---|---|
| समय का अभाव | परिचित |
| | समयाभाव |
| | सूर्योदय |

**(iv) सही पुरुष का मिलान करें-**

| | |
|---|---|
| मैं पढ़ता हूँ। | मध्यम पुरुष |
| | उत्तम पुरुष |
| | अन्य पुरुष |

4x2=8

**(III) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।**

**(i) 'हिम्मत' का अर्थ ............... है। (ललकार/हौसला)**

**(ii) कोशिश करने वालों की.............. नहीं होती। (हार/जीत)**

**(iii) ................ने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया। (लुई ब्रेल/सूरदास)**

**(iv) रमजान के पूरे ............. रोज़ो के बाद ईद आयी। (तीस/बारह)**

**(v) उचित क्रिया विशेषण शब्द भरें:** .............. ईद आ गयी। (आज/अच्छा)

**(vi) उचित सम्बन्धबोधक शब्द भरें-**

नदी .......... एक गाँव था। (के किनारे /मध्य)

**(vii) सही मुहावरे/लोकोक्ति का चयन करें-**

पुलिस को देखकर चोर थर-थर ........... लगा। (रोने/काँपने) 7x2=14

**(IV) निम्नलिखित में सही कथन पर (✔) और गलत कथन पर (✘) का निशान लगाएं-**

(i) 'धर्म' में आधे 'र' का प्रयोग हुआ है। ( )

(ii) 'वीड़ी' पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी भाषा में 'कीड़ी' लिखा जाता है। ( )

(iii) 'ਬੁੱਢਾ' पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी में 'बुढा' लिखा जाता है। ( )

(iv) 'ਬੁਖ਼ਾਰ' पंजाबी भाषा के शब्द को हिंदी में 'ज्वर' लिखा जाता है। ( )

(v) 'पुराना' शब्द का विपरीत शब्द 'नया' होगा। ( )



https://hindipunjab.com/hindi-material-for-cwsn-students-pseb

(vi) 'मित्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा 'मित्रता' होगी। ( )

(vii) 'वाघा बार्डर' पाठ के अनुसार वाघा बार्डर को 'चीन की दीवार' कहते हैं। ( )

(viii) 'समाज' शब्द का विशेषण रूप 'सामाजिक 'होगा। ( ) 8x2=16

**भाग - ख :03 अंकों वालें लघूत्तर प्रश्न (18 अंक)**

**प्रश्न 2 (i) निम्नलिखित सात लघूत्तर प्रश्नों में से कोई चार प्रश्नों के उत्तर दें-**

प्रश्न 1. नन्हीं चींटी की क्या विशेषता है? 'हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें।

प्रश्न 2. शेर को पिंजरे से निकालने वाला किशोर बड़ा होकर किस नाम से प्रसिद्ध हुआ? 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

प्रश्न 3. 'नील गगन का नीलू' पाठ के आधार पर नीलू का पूरा नाम क्या था?

प्रश्न 4. नमाज़ खत्म होने पर लोग क्या करते हैं? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर लिखें।

प्रश्न 5. हमें अपने सहपाठियों से कैसा व्यवहार करना चाहिए? ' सहयोग ' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें।

प्रश्न 6. वाघा बार्डर के दोनों ओर कौन-कौन से प्रसिद्ध नगर हैं? 'वाघा बार्डर' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें।

प्रश्न 7. पृथ्वी पर जीवन का मूल आधार क्या है? 'मेरा दम घुटता है' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें। 4x3=12

**(ii) निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश का सरलार्थ करें-**

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो
जब तक ना सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम
संघर्ष करो मैदान छोड़कर, मत भागो तुम

अथवा

मुझे गर्व है किन्तु राखी है सूनी
वह होता तो खुशी तो क्या होती ना दूनी।
हम मंगल मनावें, वह तपता है धूनी
है घायल हृदय, दर्द उठता है खूनी। 3

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक में उचित विराम चिह्न लगायें-

1. बच्चो आप सब कैसे हो

2. हाँ यही ठीक रहेगा 3

**भाग - ग : 04 अंकों वालें लघूत्तर प्रश्न (12 अंक)**

**प्रश्न 3 (i) निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों में से कोई दो प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखें-**

प्रश्न 1. स्मार्ट कार्ड किसे कहते हैं? 'मैट्रो रेल का सुहाना सफर' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें।

प्रश्न 2. 'प्रेरणा' पाठ में लेखिका ने बच्चों को पढ़ाई का क्या महत्व बताया?

प्रश्न 3. जीवन में पानी की क्या आवश्यकता है? ' रब्बा मींह दे पानी दे' कविता के आधार पर उत्तर लिखें।

प्रश्न 4. कल्पना चावला के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? ' अंतरिक्ष परी: कल्पना चावला' पाठ के आधार पर उत्तर लिखें। 2x4=8

**(ii) निम्नलिखित पत्र / प्रार्थना पत्र में से किसी एक का उत्तर दें-**

अपने चाचा जी को जन्मदिन पर भेजे उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखें।

अथवा

अपने विद्यालय में पीने के पानी के उचित प्रबंध करने के लिए मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखें। 4

**भाग - घ: 05 अंकों वालें लघूत्तर प्रश्न (5 अंक)**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित दिए गये संकेत बिंदुओं की सहायता से कोई एक निबंध लिखें- (5)**

**प्रातःकाल की सैर**

अत्यंत लाभकारी................. सरल और उपयोगी............. शरीर रोग रहित............ मन प्रसन्न......... स्मरण शक्ति का विकास........... प्रातःकाल की सैर अवश्य

अथवा

**दशहरा**

दशमी तिथि............ असत्य पर सत्य................. रामलीला मंचन........... पुतले........ मेले का आनंद......... अच्छाई की जीत

**प्रश्न 5. सुंदर लिखाई (5 अंक)**



https://hindipunjab.com/hindi-material-for-cwsn-students-pseb